**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.11.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

## प्रधानमंत्री – थिम्पू संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दिल्ली में हुई भयावह घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और सभी ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान के थिम्पू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह कल पूरी रात इस घटना की जाँच में शामिल एजेंसियों के संपर्क में रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसियाँ इस साजिश की तह तक जाएँगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वह बहुत भारी मन से भूटान आए हैं और कल शाम दिल्ली में हुई घटना ने सभी को बहुत व्यथित किया है। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित परिवारों का दर्द समझते हैं और पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

इस बीच दिल्ली में हुए धमाके के दृष्टिगत हिमाचल में भी पुलिस सतर्कता बरत रही है और हाई अलर्ट कर दिया गया है। हिमाचल पुलिस ने लोगों से सर्तक रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है। पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## जीएसटी सुधार – इलेक्ट्रॉनिक्स

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्नं क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद 22 सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ। इससे देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज हम बात करते हैं कि नई जीएसटी दरों से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में नागरिकों को कैसे मदद मिल रही है।

## जनवादी महिला समिति

प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ रही अपराधिक घटनाओं के खिलाफ अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने मोर्चा खोल दिया है और सरकार पर ढील बरतने के आरोप लगाए हैं। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने शिमला के शेरे पंजाब के पास धरना प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक कर अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने की सरकार से मांग की है। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव फालमा चौहान ने कहा

कि कुल्लू, हमीरपुर और चंबा जिले में महिलाओं के साथ हाल ही में हुई घटनाओं ने पूरे प्रदेश को शर्मसार किया है। उन्होंने महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं में दोषियों के खिलाफ जल्द और सख्त कार्रवाई करने की सरकार से मांग की है।

**अभियान**

समाज में बढ़ रहे नशे के विरूद्ध प्रदेश सरकार 15 नवंबर से राज्य व्यापी अभियान शुरू करने जा रही है। तीन महीनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत शिमला में 15 नवंबर को राज्य स्तरीय एंटी चिटटा वॉक थोन का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने विभिन्न खेल संघों के साथ बैठक कर युवा पीढ़ी से इस मुहिम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आहवान किया है।

**मक्की खरीद**

प्रदेश के किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार प्राकृतिक विधि से उगाई गई मक्की, गेहूं और हल्दी की फसलों को अलग से उच्च समर्थन मूल्य दे रही है। हमीरपुर जिला में मक्की की खरीद 15 नवंबर से शुरू की जा रही है। हमीरपुर के आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि 15 नवंबर को नादौन में खाद्य आपूर्ति निगम के गोदाम में क्षेत्र के किसानों से मक्की खरीदी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह 17 नवंबर को पक्का भरो में खाद्य आपूर्ति निगम के गोदाम में भी मक्की की खरीद होगी। नितिन शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के लिए 40 रुपये, गेहूं के लिए 60 रुपये और हल्दी के लिए 90 रुपये प्रति किलोग्राम दाम तय किए हैं। इसके अलावा 2 रुपये का परिवहन उपदान भी दिया जा रहा है।

---